सामग्री संवर्धन व क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित



बठिंडा : केंद्रीय विद्यालय नंबर चार बठिंडा छावनी में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, गणित के लिए एक दिवसीय सामग्री संवर्धन और क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य कुलबीर सिंह सैनी ने पाठ्यक्रम निदेशक- जेएस नेगी प्राचार्य केवि- 3 बठिंडा, संसाधन व्यक्ति जितेंद्र सिंह, अतुल यादव का स्वागत किया इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ संभाग के तीन क्लस्टर बठिंडा, अमृतसर और फरीदकोट के 39 अध्यापकों ने भाग लिया ● सौ. विद्यालय

डिजाइनर कैंडल बनाकर दिखाई क्रिएटिविटी



बठिंडा | सैन्य छावनी स्थित केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 में शिक्षा नीति के नियम विद्यार्थियों को 10 दिन बैग रहित देने के मकसद से दीवाली के उपलक्ष्य में बच्चों को मोमबत्ती बनाना गतिविधि करवाई गई जिसमें मिडिल व हाई क्लासेज ने भाग लिया। प्रिंसिपल कुलबीर सैनी ने बच्चों की कलात्मकता की तारीफ की



बठिंडा में केवी चार में मोमबत्ती बनाने की गतिविधि करवाई।● सौ. स्कूल

केवी में मोमबत्ती बनाने की गतिविधि करवाई

जासं, बठिंडा : केंद्रीय विद्यालय नंबर चार में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए मोमबत्ती बनाने की गतिविधि आयोजित करवाई गई। प्राचार्य कुलबीर सिंह सैनी ने कहा कि शिक्षा की मौजूदा अध्ययन योजना के अतिरिक्त के रूप में शिक्षण, सीखने की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग बनाना है। यह न केवल किताबी ज्ञान और ज्ञान के अनुप्रयोग के बीच की सीमाओं को कम करेगा।